प्रेषक,

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड,
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

पत्रांक/विविध/ 16387-88 /विज्ञान भारती/2023-24 दिनांक 21 अगस्त, 2023

विषय : **विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतिभा खोज परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक देवभूमि विज्ञान समिति उत्तराखण्ड के पत्र संख्या – Devisa/VVM-23/Memo/2023 दिनांक 17 अगस्त, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें अवगत कराया गया है कि प्रतिवर्ष कक्षा 6 से कक्षा 11 तक के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की विज्ञान के क्षेत्र में देशभर से प्रतिभाओं की खोज की जाती है, इस परीक्षा का आयोजन विज्ञान भारती के द्वारा विज्ञान प्रसार जो कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अन्तर्गत एक स्वायत्त संस्था है तथा एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर किया जाता है। इस परीक्षा में सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते हैं। इस हेतु विद्यार्थियों का ऑनलाईन पंजीकरण वेबसाइट www.vvm.org.in पर दिनांक 15 सितम्बर, 2023 तक किया जा सकता है।

अतः उक्तांकित संदर्भित पत्र की छायाप्रति संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उक्तांकित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने अधीनस्थ अधिकारियों को अवगत कराये जाने के साथ ही समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों को भी तत्काल सूचित करने का कष्ट करें।

संलग्नक– यथोपरि

भवदीय
21/8/23
(महावीर सिंह बिष्ट)
अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

पृ0सं0/विविध/ 16387-88 /विज्ञान भारती/2023-24 तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. देवभूमि विज्ञान समिति उत्तराखण्ड, डॉ0 डी0के0 पुरोहित, अध्यक्ष Adviser, RUSA, Department of Higher Education, Doon University Campus, Dehradun-248001.

21/8/23
(महावीर सिंह बिष्ट)
अपर निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

Scanned with OKEN Scanner